Regarding need to recognise 'Itkhori Festival' of Jharkhand as a National Festival-laid

श्री काली चरण सिंह (चतरा) **:** मैं भारत सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र चतरा, झारखंड स्थित इटखोरी की ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ । इटखोरी माँ भद्रकाली की ऐतिहासिक नगरी होने के साथ-साथ तीन प्रमुख धर्मोंहिन्दू, जैन एवं बौद्धका पावन संगम स्थल है । यह क्षेत्र धार्मिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है । सन् 2015 से इटखोरी महोत्सव का आयोजन राज्य सरकार द्वारा राजकीय महोत्सव के रूप में किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु एवं पर्यटक भाग लेते हैं । इस महोत्सव से न केवल क्षेत्र की प्राचीन विरासत को वैश्विक पहचान मिली है, बल्कि स्थानीय रोजगार, पर्यटन और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिला है । इटखोरी की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्ता को देखते हुए, मेरा विनम्र आग्रह है कि भारत सरकार इटखोरी महोत्सव को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करते हुए राष्ट्रीय महोत्सव घोषित करने पर उचित विचार करे, ताकि इस पावन स्थल का व्यवस्थित विकास हो सके और देश-विदेश के अधिकाधिक पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके ।